भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1096

उत्तर देने की तारीख 27 जून, 2019

6 आषाढ़, 1941 (शक)

कार्यरत खेल विश्वविद्यालयों की संख्या

1096. श्री एंटो एन्टोनीः

श्री दीपक बैजः

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार के पास देश में कार्यरत खेल विश्वविद्यालयों की संख्या के संबंध में कोई आंकड़े हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या केन्द्र सरकार का देश में और अधिक खेल विश्वविद्यालयों की स्थापना करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा विगत तीन वर्षों के दौरान इस पर कितना व्यय किया गया है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार को केरल सरकार की ओर से राज्य में एक खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने के लिए कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा केन्द्र सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है;

(घ) क्या प्रशिक्षु खिलाड़ियों को विश्वविद्यालय/ भारतीय खेल प्राधिकरण में अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, जिसके कारण प्रतिभाशाली प्रशिक्षु लक्षित सफलता प्राप्त करने में समर्थ नहीं हैं; और

(ङ) यदि हां, तो विश्वविद्यालय/भारतीय खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षु खिलाड़ियों की संख्या कितनी है, जिन्होंने विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेलों में भाग लिया है?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री किरेन रीजीजू)

(क) : खेल राज्य का विषय होने के कारण, केन्द्रीय सरकार खेल विश्वविद्यालयों के राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र-वार आंकड़े नहीं रखती है । तथापि, मणिपुर में स्थापित किया जा रहा राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय (एनएसयू) देश का पहला केंद्रीय खेल विश्वविद्यालय है ।

(ख): जी नहीं । प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) : दिसंबर, 2017 में केरल सरकार ने अपना खेल विश्वविद्यालय शुरू करने की योजना के बारे में अवगत कराया था और अनुरोध किया था कि उसके राज्य खेल विश्वविद्यालय को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के दो विभागों को उसमें खोलने की अनुमति दी जाए । राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय अधिनियम, 2018 में बहिर्वती परिसर का प्रावधान है, राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय के बहिर्वती परिसर को शुरू करने की स्थिति अभी नहीं आई है ।

(घ) : जी नहीं । वर्तमान में केंद्रीय सरकार राष्ट्रीय कोचिंग शिविरों में राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) के माध्यम से खिलाड़ियों को उच्च गुणवत्ता वाली प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करने के अतिरिक्त भारतीय खेल प्राधिकरण के 273 प्रशिक्षण केंद्रों में 14236 प्रतिभावान खिलाड़ियों (8697 - आवासीय और 5539 गैर-आवासीय) को प्रशिक्षण प्रदान कर रही है ।

(ड) : भारतीय खेल प्राधिकरण की प्रशिक्षण सुविधाओं से लाभान्वित होने वाले सभी प्रशिक्षु/ खिलाड़ी अपने प्रदर्शन के आधार पर राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते हैं । साई प्रशिक्षुओं द्वारा जीते गए पदकों की संख्या इस प्रकार है :-

(i) राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धाओं में जीते गए पदक :

वर्ष	जीते गए पदकों की संख्या		
	स्वर्ण	रजत	कांस्य
2015-16	448	313	334
2016-17	442	345	364
2017-18	471	357	345

(ii) अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतिस्पर्धाओं में जीते गए पदक :

वर्ष	जीते गए पदकों की संख्या		
	स्वर्ण	रजत	कांस्य
2015-16	73	70	66
2016-17	93	62	65
2017-18	113	65	103

***